SBI

भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग,
कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in

# पुरस्कार एवं उपाधियाँ




SBI was awarded the **"Company of the Year Award – 2023"** by the **ET Awards** for Corporate Excellence 2023 on 15.03.2024.




SBI Featured among the **top 25 strongest Brands globally** for 2024 – Brand Finance Annual Report on most valuable and **Global Brands – Global 500 2024.** *(19.01.2024)*




SBI Chairman was honoured with the **Indian of the year award (IOTY) 2023** in the business category at **CNN – News 18 awards** on 10.01.2024.




SBI was recognized as the **"Best Bank in India"** for the year 2023 by **Global Finance Magazine** at its 30th Annual Best Banks Awards event. The award ceremony took place in Marrakech, **Morocco** during the occasion of 2023 IMF/WB Annual Meetings held from 9th to 15th October 2023.




**Most trusted BFSI Brands 2023-24,** on 21.06.2023, by the Economic Times Group.



SBI received the **"India's Best Annual Report Awards 2023"** award




Won 4 **awards** at **DIGIXX 2024 Summit & Awards** on 22.03.2024 at New Delhi.

- Brand of the Year
- Best Influencer marketing Campaign
- best use of Social Media
- PR/ Online Reputation Management



SBI received the **"Iconic Banking Brand"** award at the 3rd edition of **Navbharat BFSI 2023** presented by the Honorable Speaker of Maharashtra Legislative Assembly on 13.01.2024



SBI received the Top Performing Bank award under **EASE 5.0** of PSBs Reforms Agenda.




Dunn & Bradstreet Award in the Category – **PSU Banks over 4 lacs crore assets** size at the PSU & Government Summit 2023 on 07th October 2023.



SBI received the **"ICAI Awards for Excellence in Financial Reporting"** award

# 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की भर्ती

## विज्ञापन सं. CRPD/SPORTS/2024-25/07

## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 24.07.2024 से 14.08.2024 तक

भारतीय स्टेट बैंक में निम्नलिखित **8 (आठ)** विद्याओं/खेलों के लिए अधिकारी/लिपिक संवर्ग में प्रतिभाशाली माने जाने वाले खिलाड़ियों की भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

**1. बास्केटबॉल** **2. क्रिकेट** **3. फुटबॉल** **4. हॉकी** **5. वॉलीबॉल** **6. कबड्डी** **7. टेबल टेनिस** **8. बैडमिंटन**

1. खिलाड़ी के पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक भावी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना की अंतर्वस्तु को ध्यान से पढ़ने और समझने के बाद ही आवेदन करें. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि पर उक्त पद के लिए दिए गए योग्यता मानदंडों को पूरा करते हों.
2. नियुक्ति के समय, उम्मीदवार को एक सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए और भविष्य के टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहिए.
3. खिलाड़ियों की भर्ती अखिल भारतीय आधार पर की जाएगी और चयनित उम्मीदवार बैंक के एकमात्र विवेक पर आवश्यकता पड़ने पर **भारत में कहीं भी** सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे.
4. **स्थानांतरण नीति:** बैंक भर्ती किए गए अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाओं का स्थानांतरण भारत में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में करने या उन्हें अपने किन्हीं सहयोगियों/अनुषंगियों के पास या किसी अन्य संस्था के पास तैनात करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जो सेवा की अनिवार्यताओं पर निर्भर होगा. किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय पर नियुक्ति/स्थानांतरण के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.
5. आवेदन प्रस्तुत करने से पहले, उम्मीदवारों को यह जांचना होगा कि उन्होंने आवेदन पत्र के प्रत्येक क्षेत्र में सही विवरण भरा है. आवेदन पत्र के लिए विंडो की समाप्ति के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन/सुधार/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी. इस संबंध में डाक, ईमेल, हस्ती सुपुर्दगी आदि किसी भी रूप में प्राप्त अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा.
6. उम्मीदवारों को वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** का उपयोग करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन माध्यम से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि **(14.08.2024)** या उससे पहले शुल्क जमा करवा दिया गया हो.
7. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अन्य विवरण एवं अद्यतन सूचना हेतु बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** को नियमित रूप से देखें. **विज्ञापन में होने वाले किसी परिवर्तन/अद्यतन सूचना को अलग से विज्ञापित/सूचित नहीं किया जाएगा. सभी परिवर्तन/अद्यतन/संशोधन/शुद्धिपत्र/परिणाम आदि केवल बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings पर ही होस्ट किया जाएगा.**
8. उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र अपलोड करने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.
9. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भर्ती के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह से अनंतिम होगा. उम्मीदवार को केवल कॉल लेटर/ई-प्रवेश पत्र जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि पद के लिए उसकी उम्मीदवारी अंततः स्वीकार कर ली गई है. मूल्यांकन परीक्षण उम्मीदवार उत्तीर्ण होने के बाद ही बैंक मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन करता है.
10. **बैंक उन खिलाड़ियों की भर्ती पर विचार नहीं करेगा जो पहले से ही किसी अन्य बैंक में कार्यरत हैं, जब तक कि मूल्यांकन परीक्षण के समय सत्यापन के लिए वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र (NOC) जमा नहीं किया जाता है. एनओसी की तारीख मूल्यांकन परीक्षण की तारीख पर या उससे पहले होनी चाहिए.**
11. चयनित उम्मीदवारों को बैंक में नियुक्ति ऑफर की जा सकती है, बशर्ते कि वे अन्य औपचारिकताएं जैसे कि प्रमाणपत्रों का सत्यापन, संदर्भों से संतोषजनक रिपोर्ट, चिकित्सा जाँच और पूर्ववृत्त का सत्यापन आदि पूरी करते हों.
12. खेलों में दक्षता/योग्यता से संबंधित प्रमाणपत्रों को मूल्यांकन परीक्षण के दौरान मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापित किया जाएगा और ये प्रमाणपत्र भारत सरकार या बैंक के खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए. जब तक आवेदक निर्धारित प्रमाणन प्राधिकारियों से अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करता है, तब तक केवल प्रतिष्ठित खेल क्लबों की सिफारिश का कोई महत्व नहीं होगा. क्रीड़ा/खेल प्रमाणपत्र/उपलब्धियों को बैंक द्वारा स्वतंत्र रूप से जारीकर्ता प्राधिकारियों से सत्यापित किया जाएगा और इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा.
13. आयु में छूट, शुल्क में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को उस समय निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी का अपेक्षित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जब दस्तावेज़ सत्यापन के समय ऐसा प्रमाण पत्र मांगा जाता है. अन्यथा, उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.
14. उम्मीदवार जिनके खिलाफ चरित्र और पूर्ववृत्त (कैरेक्टर एंड एंटीसिडण्टस), नैतिकता आदि के बारे में प्रतिकूल रिपोर्ट हैं, वह भी इस पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.
15. यदि किसी उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन (एकाधिक आवेदन) जमा किए जाते हैं, तो केवल अंतिम वैध (पूरी तरह से भरा) आवेदन ही प्रतिधारित किया जाएगा, और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा. किसी उम्मीदवार द्वारा मूल्यांकन परीक्षा में/साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय एकाधिक उपस्थिति होने पर उसकी उम्मीदवारी को सरसरी तौर पर अस्वीकार/रद्द कर दिया जाएगा.
16. बैंक बिना कोई कारण बताए अधिसूचित रिक्तियों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
17. बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण/समय पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है और बैंक आवेदक के आवेदन पर शुल्क वापस करने या कोई मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा.
18. गलत जानकारी प्रस्तुत करने/तथ्यों को छिपाने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उन पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है और कानूनी/आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है. जो उम्मीदवार धोखाधड़ी/छद्मव्यक्तिता का प्रयास करेंगे, उन्हें बैंक द्वारा आयोजित भविष्य की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा.
19. चयनित उम्मीदवार, नियुक्ति के बाद, संबंधित सवर्ग के लिए बैंक की मौजूदा भर्ती नीति के अनुसार परिवीक्षा पर होंगे.
20. इस योजना के तहत सभी नियुक्तियाँ पूरी तरह से बैंक के विवेक पर होंगी और पद के लिए स्वीकार्य वेतनमान के प्रारंभिक चरण में की जाएंगी.
21. इस कार्यालय को आवेदन एवं अन्य दस्तावेजों की कागजी प्रतियाँ न भेजें.
22. **उम्मीदवार के अन्यथा पात्र होने पर उसे एक से अधिक पदों के लिए अलग से आवेदन करने की अनुमति है.** (यदि उम्मीदवार दोनों पदों यानी लिपिक/अधिकारी के लिए आवेदन करना चाहता है, तो अलग-अलग आवेदन पत्र भरने होंगे).
23. बुलावा (लेटर/ सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा. **(कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).**
24. बैंक वह केंद्र तय करेगा, जहां शॉर्टलिस्ट होने पर उम्मीदवारों को मूल्यांकन परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा.
25. उम्मीदवारों की सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल फोन नंबर हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उन्हें ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस द्वारा **कॉल लेटर/मूल्यांकन परीक्षण सूचना** आदि प्राप्त करने में सहायता होगी.
26. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.
27. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित डिस्चार्ज बुक प्रस्तुत करें.
28. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.
29. खिलाड़ियों का मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र (केआरए) उन्हें आवंटित भूमिका/पद के अनुसार होगा.
30. **सिबिल (CIBIL):** जिन उम्मीदवारों ने क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि सहित बैंकों/एनबीएफसी के साथ किसी भी उधार व्यवस्था के तहत चुकौती में चूक की है और बैंक द्वारा नियुक्ति प्रस्ताव पत्र जारी करने की तारीख तक उनके बकाया को नियमित/चुकाया नहीं है, वे पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे. हालांकि, ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने नियुक्ति प्रस्ताव-पत्र जारी होने की तारीख को या उससे पहले इस तरह के बकाया को नियमित कर लिया है/चुका दिया है, लेकिन जिनकी **सिबिल (CIBIL)** स्थिति को शामिल होने की तारीख को या उससे पहले अपडेट नहीं किया गया है, उन्हें या तो सिबिल की स्थिति को अपडेट कराना होगा या ऋणदाता से इस आशय का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सिबिल में प्रतिकूल रूप से दर्शाए गए खातों के संबंध में कोई बकाया नहीं है, ऐसा न करने पर प्रस्ताव पत्र वापस ले लिया जाएगा/रद्द कर दिया जाएगा. इस प्रकार, ऋण/क्रेडिट कार्ड बकाये के भुगतान में चूक के रिकॉर्ड और/या जिनके नाम पर सिबिल या अन्य बाहरी एजेंसियों की प्रतिकूल रिपोर्ट उपलब्ध है, वाले उम्मीदवार नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं.

**क. पद/रिक्तियाँ/शैक्षणिक योग्यता/खेल योग्यता/आयु मानदंड:**

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्तियाँ | ग्रेड | शैक्षणिक योग्यता (01.04.2024 तक) | खेल योग्यता | आयु 01.04.2024 तक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | न्यूनतम | अधिकतम |
| 1. | अधिकारी (खिलाड़ी)* | 17 | कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल I | किसी भी विषय में स्नातक | पिछले 3 वर्षों के दौरान अंतर्राष्ट्रीय खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया हो. | 21 वर्ष | 30 वर्ष # |
| 2. | लिपिक (खिलाड़ी)* | 51 | लिपिक संवर्ग | | राष्ट्रीय स्पर्धा में राज्य का या राज्य स्तरीय स्पर्धा में जिले का या अंतर विश्वविद्यालय स्पर्धा में विश्वविद्यालय का विशिष्टता के साथ प्रतिनिधित्व किया हो या वह संयुक्त विश्वविद्यालय टीम का विशिष्ट सदस्य रहा हो. | 20 वर्ष | 28 वर्ष # |
| | कुल | 68 | | | | | |

# ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम **पांच वर्ष** तक की छूट. अनुसूचित जाति **(अजा)** और अनुसूचित जनजाति **(अजजा)** से संबंधित खिलाड़ियों के मामले में **दस वर्ष.**

**नोट:** यह रियायत केवल उन्हीं खिलाड़ियों को उपलब्ध होगी जो अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित प्राधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हैं.

* **नियुक्ति के समय, उम्मीदवार को एक सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए और भविष्य के टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहिए.**

**पारिश्रमिक:**

| पद का नाम | ग्रेड | वेतन-मान |
|---|---|---|
| अधिकारी (खिलाड़ी) | कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल I मूल वेतन: 48480-2000/7-62480-2340/2-67160-2680/7-85920 | |
| लिपिक स्टाफ | लिपिक स्टाफ, मूल वेतन: 24050-1340/3-28070-1650/3-33020-2000/4-41020- 2340/7-57400-4400/1-61800-2680/1-64480 | |

अधिकारी/कर्मचारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ते, एचआरए, सीसीए, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन फंड यानी एनपीएस, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा आदि और बैंक की वेतन संरचना के अनुसार वेतन और भत्ते के लिए पात्र होंगे.

**ख. प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भर्ती के लिए खेलों की सूची:** बैंक केवल निम्नलिखित **8 (आठ)** विद्याओं/खेलों में खिलाड़ियों की भर्ती करेगा जो बैंक के खेल बोर्ड द्वारा अनुमोदित हैं:

**1. बास्केटबॉल 2. क्रिकेट 3. फुटबॉल 4. हॉकी 5. वॉलीबॉल 6. कबड्डी 7. टेबल टेनिस 8. बैडमिंटन**

**ग. चयन प्रक्रिया:** चयन **''शॉर्टलिस्टिंग और मूल्यांकन परीक्षण''** के आधार पर होगा.

**(क) शॉर्टलिस्टिंग: न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को मूल्यांकन परीक्षा के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा.** बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति शॉर्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके पश्चात् बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर मूल्यांकन परीक्षा के लिए बुलाये जायेंगे. मूल्यांकन परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. **इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.**

**(ख) मूल्यांकन परीक्षण:** निम्नलिखित मूल्यांकन मापदंडों के अनुसार, चयन के लिए कुल अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी. मूल्यांकन परीक्षा में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. व्यापक मूल्यांकन मानदंड निम्नानुसार हो सकते हैं:

| क्र. सं. | मूल्यांकन मानदंड |
|---|---|
| मानदंड - I | मान्यता प्राप्त खेल उपलब्धियों का आकलन |
| मानदंड - II | सामान्य बुद्धि/खेल का ज्ञान/व्यक्तित्व आदि |
| मानदंड - III | सक्रियता और शारीरिक फिटनेस |

**नोट:** यह रियायत केवल उन्हीं खिलाड़ियों को उपलब्ध होगी जो अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित प्राधिकारी से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हैं.

i. आवश्यकता के अनुसार, मूल्यांकन मापदंडों को बैंक द्वारा किसी भी समय बदला/संशोधित किया जा सकता है.
ii. आवश्यकता पड़ने पर खिलाड़ियों की सक्रियता को परखने के लिए चयन प्रक्रिया में परीक्षण भी शामिल किया जा सकता है.

**(ग) मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल मूल्यांकन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी.

❖ यदि एक से अधिक उम्मीदवार कट-ऑफ अंक (कट-ऑफ बिंदु पर सामान्य अंक) प्राप्त करते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को उनकी खेल उपलब्धियों के अनुसार रैंक दिया जाएगा.
❖ हालाँकि, अंतिम मेरिट सूची में उम्मीदवारों के बीच बराबरी की स्थिति में, कम आयु वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जा सकती है.

**नोट:**

i. बैंक द्वारा प्राप्त आवेदनों की बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति द्वारा जांच की जाएगी और उन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा. जो उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और उनके पास उनके प्रतिनिधित्व/ भागीदारी/ उपलब्धियों आदि से संबंधित प्रमाण पत्र हैं, उन्हें मूल्यांकन परीक्षा के लिए अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किया जाएगा.

ii. मूल्यांकन परीक्षण में, बैंक की अनुमोदित मूल्यांकन समिति खिलाड़ी की सक्रियता और शारीरिक फिटनेस, सामान्य बुद्धि, खेल का ज्ञान, व्यक्तित्व और अन्य गुणों आदि का मूल्यांकन करेगी.

iii. अनंतिम योग्यता/ चयन सूची प्रत्येक संवर्ग (पद) के लिए अधिसूचित रिक्तियों की संख्या की सीमा तक तैयार की जाएगी और यह केवल ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में प्रदान की गई जानकारी के आधार पर तैयार की जाएगी और किसी भी अन्य अतिरिक्त जानकारी पर किसी अन्य रूप में विचार नहीं किया जाएगा. **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे खेलों में अपनी सर्वोच्च भागीदारी/ उपलब्धि प्रस्तुत करें.** उदाहरण के लिए, यदि उम्मीदवार ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय दोनों आयोजनों में भाग लिया है, तो उसे पहले ऐसे सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों का विवरण जमा करना होगा. इसके बाद अन्य उपलब्धियों/ स्पर्धाओं की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए.

iv. चूंकि भर्ती खेल योग्यता के आधार पर होती है, इसलिए **खेल में उच्चतम भागीदारी/ उपलब्धि** के साथ-साथ उम्मीदवारों की उम्र को अधिकतम महत्व दिया जाएगा. मूल्यांकन समिति द्वारा खिलाड़ियों की सक्रियता, टीम भावना, खेल का ज्ञान, उम्र आदि का मूल्यांकन परीक्षण के दौरान उचित मूल्यांकन किया जाएगा. नियुक्ति के समय, उम्मीदवार को एक सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए और भविष्य के टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट होना चाहिए.

**घ. मूल्यांकन परीक्षा के लिए कॉल लेटर:**

मूल्यांकन परीक्षा के लिए कॉल लेटर/ सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी. **कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

**ङ. चरित्र सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण:**

खिलाड़ियों के रूप में भर्ती किए गए उम्मीदवारों के लिए चरित्र सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण बैंक की मौजूदा भर्ती नीति के अनुसार आयोजित किए जाएंगे.

**च. खिलाड़ियों की भर्ती के लिए पात्रता पर प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारियों की सूची:**

खेल/क्रीड़ा में दक्षता/योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्राधिकारियों से अपेक्षित होंगे. केवल प्रतिष्ठित खेल क्लबों की सिफ़ारिशों का कोई महत्व नहीं होगा जब तक कि आवेदक निर्धारित प्रमाणन प्राधिकारियों से अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं करता है. नियुक्ति/कार्यग्रहण से पहले मूल प्रमाण पत्र और क्रेडेंशियल जमा करना होगा. खेल/क्रीड़ा प्रमाणपत्र/उपलब्धियों को बैंक द्वारा स्वतंत्र रूप से भी सत्यापित किया जा सकता है.

| क्र. सं. | प्रतियोगिता | प्रमाण पत्र प्रदान करने वाले प्राधिकारी | प्रपत्र जिसमें प्रमाणपत्र प्रदान किया जाना है** |
|---|---|---|---|
| 1. | अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ के सचिव | 1 |
| 2. | राष्ट्रीय प्रतियोगिता | संबंधित खेल के राष्ट्रीय महासंघ के सचिव या राज्य संघ के सचिव. | 2 |
| 3. | अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट | संबंधित विश्वविद्यालय के खेल के डीन या खेल के समग्र प्रभारी अन्य अधिकारी. | 3 |
| 4. | स्कूलों के लिए राष्ट्रीय/क्रीड़ा/खेल | राज्य के लोक शिक्षण/शिक्षा निदेशालय में स्कूल के लिए क्रीड़ा/खेलके समग्र प्रभारी निदेशक या अवर/संयुक्त या उप निदेशक. | 4 |
| 5. | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स/ खेलो इंडिया यूथ गेम्स/ खेलो इंडिया विंटर गेम्स/ खेलो इंडिया पैरा गेम्स | खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी/खेलो इंडिया यूथ गेम्स/खेलो इंडिया विंटर गेम्स/खेलो इंडिया पैरा गेम्स के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से नामित अधिकारी/प्रभारी अधिकारी. | 5 |

****ऊपर उल्लिखित फॉर्म 1,2,3,4 और 5 के नमूने कार्यालय ज्ञापन सं. 14015/1/78–स्था.(डी) दिनांक 04.08.1980)**
**कार्यालय ज्ञापन सं.** 14034/1/2020–कार्मिक नीति (डी) भाग II दिनांक 04.03.2024, **डीओपीटी–1711450898768,**
**भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग स्था.(स्था.डी) दिनांक 04.03.2024 के अनुलग्नक ए में दिए गए हैं.**

## छ. अनंतिम योग्यता सूची तैयार करने के लिए खेल उपलब्धि को प्राथमिकता देने का क्रम:

यदि एक से अधिक उम्मीदवार अंतिम मेरिट सूची में कट–ऑफ अंक (कट–ऑफ बिंदु पर सामान्य अंक) के समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को नीचे उल्लिखित वरीयता क्रम के अनुसार मेरिट में स्थान दिया जाएगा. हालाँकि, अंतिम मेरिट सूची में दो उम्मीदवारों के बीच बराबरी की स्थिति में, दोनों के बीच कम आयु वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जा सकती है.

i. **पहली प्राथमिकता:** पहली प्राथमिकता उन उम्मीदवारों को दी जाएगी जिन्होंने युवा मामले और खेल विभाग की मंजूरी के साथ **अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता** में देश का प्रतिनिधित्व किया है.

ii. **दूसरी प्राथमिकता:** अगली प्राथमिकता उन लोगों को दी जाएगी जिन्होंने युवा मामले और खेल विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा आयोजित **सीनियर या जूनियर स्तर की राष्ट्रीय चैंपियनशिप** या **भारतीय ओलंपिक संघ** द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेलों में किसी **राज्य/केंद्रशासित प्रदेश** का प्रतिनिधित्व किया हो और तीसरे स्थान तक पदक या स्थान जीते हों. सीनियर और जूनियर नेशनल चैंपियनशिप/गेम्स में भाग लेने वाले उम्मीदवारों में से **सीनियर नेशनल चैंपियनशिप** में भाग लेने वाले और पदक जीतने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी.

iii. **तीसरी वरीयता:** अगली प्राथमिकता उन लोगों को दी जाएगी जिन्होंने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज/इंटर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड द्वारा आयोजित **अंतर–विश्वविद्यालय प्रतियोगिता** में किसी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है और फाइनल में तीसरे स्थान तक पदक या स्थान जीते हैं.

iv. **चौथी वरीयता:** अगली वरीयता उन लोगों को दी जाएगी जिन्होंने ऑल–इंडिया स्कूल गेम्स फेडरेशन द्वारा स्कूलों के लिए आयोजित **राष्ट्रीय खेलों में राज्य के स्कूलों का प्रतिनिधित्व** किया है और पदक जीते हैं या तीसरे स्थान तक स्थान प्राप्त किया है.

v. **पांचवीं वरीयता:** अगली प्राथमिकता उन लोगों को दी जाएगी जिन्हें राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता अभियान के तहत शारीरिक दक्षता में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

vi. **छठी वरीयता:** अगली प्राथमिकता उन्हें दी जाएगी, जिन्होंने श्रेणी (ii) से (iv) में उल्लिखित स्तर पर राज्य / केंद्र शासित प्रदेश / विश्वविद्यालय / राज्य स्कूल टीमों का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन उसी वरीयता क्रम में कोई पदक या स्थान नहीं जीत सके.

**नोट 1:** बराबरी की स्थिति में, उच्च स्थान प्राप्त करने वाले या अधिक संख्या में पदक जीतने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जा सकती है.

**नोट 2:** व्यक्तिगत और टीम कार्यक्रम/आइटम में भागीदारी को समान प्राथमिकता दी जाएगी.

**नोट 3:** बराबरी की स्थिति को छोड़कर, एक से अधिक पदक/स्थान जीतने पर कोई प्राथमिकता नहीं दी जाएगी.

**नोट 4: पात्रता, मूल्यांकन परीक्षा के संचालन, अन्य परीक्षणों और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

## ज. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों की सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल या मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

### ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. **ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें.**

### शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख ले.

v. यदि पहली बार में ऑनलाइन शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vi. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

vii. **एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.**

## झ. दस्तावेजों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों का विवरण:**

i. नवीनतम फोटोग्राफ और हस्ताक्षर (बड़े अक्षर (केपिटल लेटर) में नहीं)

ii. विस्तृत रेसूमे (पीडीएफ)

iii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

iv. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

v. जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ)

vi. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/ डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

vii. क्रीड़ा/खेल से संबंधित प्रमाण पत्र (पीडीएफ)

viii. फॉर्म-16/प्रस्ताव पत्र/वर्तमान नियोक्ता से नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए.

ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानतः) तक होना चाहिए.

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े.

vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड-आई नहीं है.

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली पैन से हस्ताक्षर करें.

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां हस्ताक्षर करें.

iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.

v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.

vi. अंग्रेज़ी के केपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. दस्तावेज की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी दस्तावेज पीडीएफ प्रारूप में हों.

ii. दस्तावेज के पेज का आकार ए4 का हो.

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.

iv. दस्तावेज को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स पर इन्च) पर रखें.

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है

vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक दस्तावेज को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए जाएंगे.

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.

iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.

v. आवेदन सबमिट करने से पहले दस्तावेज अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.

vi. दस्तावेज अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.

vii. **ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं.** फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. **फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.**

## ञ. सामान्य जानकारी:

i. **भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसके नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं तुरंत समाप्त की जा सकती हैं.**

ii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

iii. चयनित उम्मीदवार कि नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है. इस तरह कि नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू थे.

iv. **पात्रता, मूल्यांकन परीक्षा आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के संबंधित सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.**

v. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार मूल्यांकन परीक्षा के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को मूल्यांकन परीक्षा के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है.

vi. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

vii. मूल्यांकन परीक्षा के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है. किसी भी लंबित आपराधिक मामले को दबाने के मामले में, अधिकारी की नियुक्ति के बाद भी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

viii. **बैंक किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह से या आंशिक रूप से रद्द/संशोधित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.**

**किसी पूछताछ के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (URL - https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध "CONTACT US" लिंक के ज़रिए हमसे संपर्क करें.**

मुंबई
दिनांक: 24.07.2024

मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.

महाप्रबंधक
(आरपी और पीएम)

## आवेदन कैसे करें

https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें

नीचे स्क्रॉल करें और संबंधित विज्ञापन पर क्लिक करें

**विज्ञापन सं. CRPD/SPORTS/2024-25/07 डाउनलोड करें**
(विस्तृत विज्ञापन ध्यान पूर्वक पढ़ें)

**ऑनलाइन आवेदन करें**
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें.
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी)

